संगठन के ढांचे को सुदृढ़ करने चौरई, हर्रई में कांग्रेस पर्यवेक्षकों ने ली बैठक

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। संगठन सृजन अभियान कांग्रेस के दीर्घकालिक लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान ना केवल संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करेगा, बल्कि समस्त स्तरों पर कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के साथ ही एक नई ऊर्जा व उत्साह प्रदान करेगा। उक्त उदगार पर्यवेक्षकों के दल ने चौरई व हर्रई में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक व व्यक्तिगत चर्चा के दौरान व्यक्त किए।

संगठन सृजन अभियान के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों के दल ने चौरई विधानसभा के ब्लॉक चौरई के सभी अनुसांगिक संगठनों, समस्त प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक लीए जिसमें उन्होंने विभिन्न संगठनात्मक बिन्दुओं पर चर्चा की। पर्यवेक्षक संजय कपूर ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का संगठन सृजन अभियान के माध्यम से संगठन के नव सृजन पर ध्यान केन्द्रित है।

संगठन सृजन अभियान

पर्यवेक्षक सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि संगठित होकर ही सृजन संभव है। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के सतत प्रयासों से छिन्दवाड़ा जिला कांग्रेस संगठित व सृजित होने के साथ ही सक्रिय भी है, इसके प्रमाण विगत दौरे व गत बैठकों में सामने आ चुका है।

पर्यवेक्षक सुनील जायसवाल ने उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने जीवन के 46 वर्षों में संगठन को सशक्त करने का काम किया है। उनके नक्शे कदम पर चलते हुए नकुलनाथ भी जिला कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त करने में सतत सक्रिय है, हमें आवश्यकता है नेताद्वय की मंशा पर खरा उतरने की।

पर्यवेक्षक अभिनव ढिमोले ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है ताकि कांग्रेस को और अधिक मजबूत कर सकें। इस अवसर पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सामूहिक विवाह में बांटी सामग्री अमानक, दोषियों पर कार्रवाई कब

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 13 मार्च 2023 को छिंदवाड़ा में हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बांटी गई सामग्री को लेकर बड़ा राजफाश हुआ है। नगर निगम के सभाकक्ष में पत्रकारों से चर्चा के दौरान पार्षद विजय पांडे ने कहा कि कार्यक्रम से एक दिन पहले 12 मार्च को दानियलसन कालेज आडिटोरियम के स्टोर में रखी सामग्री की गुणवत्ता पर तत्कालीन पार्षदों ने आपत्ति जताई थी।

पार्षदों ने उस समय विडियोग्राफी, फोटोग्राफी और पंचनामा बनाकर तत्कालीन कलेक्टर और मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी थी। प्रभारी मंत्री कमल पटेल ने भी मंच से दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिला प्रशासन ने पांच सदस्यीय जांच समिति गठित कर 15 मई 2023 को रिपोर्ट सौंपी, जिसमें कई गड़बड़ियां मिलीं बर्तन समूह की सामग्री टेंडर शर्तों के अनुसार नहीं थी।

फिजिकल वेरिफिकेशन के दौरान फर्नीचर में भी गड़बड़ी मिली। सोने-चांदी जैसे गहने भी अच्छी क्वालिटी के नहीं थे। गहनों की शुद्धता सिर्फ 53.40 प्रतिशत से 63.25 प्रतिशत थी, जबकि दावा 100 प्रतिशत शुद्धता का किया गया था। मंगलसूत्र में प्लास्टिक व कांच के मोती मिले। बिना ब्रांड की साड़ियां, चूड़ियां व श्रृंगार सामग्री दी गई, जो किसी भी मानक पर खरी नहीं उतरीं। नगर निगम ने सप्लायर्स को दो समूहों की सामग्री अमानक बताते हुए उसे वापस ले जाने को कहा जबकि नियमों के अनुसार इसे जब्त करना चाहिए था।

पार्षद विजय पांडे ने बताया कि अधिकारियों ने 25 जून 2025 को पत्र जारी कर शिकायतकर्ताओं से शपथ पत्र मांगा है, जबकि पार्षदों का कहना है कि शपथ पत्र की मांग केवल कोर्ट कर सकता है, अधिकारी नहीं। अब निगाहें इस बात पर हैं कि क्या दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई होगी ।

सार समाचार

रावल सिंह राठौर को सात दिन में शासकीय कर्तव्य पर उपस्थित होने के निर्देश

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। वनमंडल अधिकारी पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल छिंदवाड़ा द्वारा अवगत कराया गया कि जिले के विकासखंड परासिया के मुकाम- पॉलिटेकलिक कॉलेज के पास खिरसाडोह, तहसील परासिया निवासी रावल सिंह राठौर आत्मज प्रदीप कुमार राठौर पश्चिम छिन्दवाड़ा सामान्य वनमंडल के अंतर्गत वनरक्षक पद पर पदस्थ है। वनरक्षक श्री राठौर 04 मार्च 2025 से आवेदन पत्र प्रस्तुत किये बिना एवं सूचना दिये बिना अनाधिकृत रूप से आज दिनांक तक अपने कर्तव्य एवं मुख्यालय से लगातार अनुपस्थित है। वनरक्षक श्री राठौर को इस समाचार के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि वे इस प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर शासकीय कर्तव्य पर उपस्थित हो। निर्धारित समय-सीमा के अंदर कर्तव्य पर उपस्थित न होने पर वनरक्षक श्री राठौर के विरूद्ध म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिये वनरक्षक श्री राठौर स्वयं उत्तरदायी होंगे।

जिले में 138.5 मिमी वर्षा दर्ज

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 138.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 130.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 27 जून 2025 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 34.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 27 जून 2025 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 29.8, मोहखेड़ में 83.3, अमरवाड़ा में 65, चौरई में 17, हर्रई में 5.8, बिछुआ में 15.6, परासिया में 14.2, जुन्नारदेव में 35.6, चांद में 44.6 और उमरेठ में 71.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 133.2, मोहखेड़ में 188.5, तामिया में 95, अमरवाड़ा में 186, चौरई में 117.8, हर्रई में 136.8, बिछुआ में 99.6, परासिया में 92.4, जुन्नारदेव में 111, चांद में 145.9 और उमरेठ में 221.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

कांग्रेस सेवादल ने ई-अटेडेंस लगाए जाने का किया विरोध

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। म.प्र. की भाजपा सरकार में आए दिन तुगलकी फरमान जारी किए जा रहे हैं जिससे शासकीय सेवकों की नौकरी के दौरान उलझने बढ़ती जा रही है। विगत माह भाजपा सरकार के द्वारा शिक्षकों को ई-अटेंडेंस लगाने के फरमान जारी किए गए हैं जिससे शिक्षक वर्ग में खास आक्रोश पनप रहा है। कांग्रेस सेवादल ने शिक्षकों के हित में ई-अटेंडेंस का विरोध करते हुए इसे तत्काल वापिस लेने की मांग की है।

कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार पहले ही शिक्षकों से शिक्षण कार्य की बजाए सारे कार्य करा रही है इससे शासकीय स्कूलों में शिक्षा का स्तर गिर रहा है जिस पर सुधार के लिए कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जाना सरकार की बड़ी लापरवाही है, अब ई अटेंडेंस के माध्यम से शिक्षकों को प्रताड़ित किया जा रहा है जिसका कांग्रेस सेवादल ने विरोध किया और ई-अटेंडेंस पर तत्काल रोक लगाने व पूर्व की भांति ही अटेंडेंस लगाने की मांग की है।

लक्ष्मीनारायण मंदिर के 21वें स्थापना दिवस पर हुआ अभिषेक हवन पूजन

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। शहर के मध्य स्थित भक्तो की आस्था का केंद्र परम् संतोष श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर का कल 21 वा स्थापना दिवस मनाया गया एवं अभिषेक हवन पूजन किया गया। इस अवसर पर ओम प्रकाश गुप्ता, प्रभुनारायण नेमा, अरविंद नेमा, राजेश नेमा, अंशुल गुप्ता, प्रतिमा नेमा, आशा गुप्ता, कु. पूजा गुप्ता सहित अनेको श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

सांसद की पहल पर दो मरीजों को मिली 60 हजार की सहायता

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सांसद विवेक साहू के प्रयासों से इलाज कराने में असमर्थ लोगों को मदद दिलाने का सिलसिला लगातार जारी है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज एवं उनके परिजन लगातार सांसद साहू से संपर्क कर आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है। सांसद श्री साहू सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से स्वेच्छानुदान मद से सहायता भी उपलब्ध करा रहे है। इसी के तहत सांसद साहू के प्रयासों से 2 मरीजों को 60 हजार की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है।

इसी सिलसिले में विगत दिनों मरीजों एवं उनके परिजनों ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर गंभीर रूप से बीमार मरीजों का ईलाज कराने में असमर्थता जताते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की थी। उक्त आवेदनों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर आर्थिक सहायता दिलाने का निवेदन किया था।

इसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पांजरा चन्हिया कलां निवासी सुश्री निराली पिता राकेश उसरेठे को 20 हजार और हरदीप सिंह पिता हरनाम सिंह सोहल को 40 हजार की स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता स्वीकृत कर दी है। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयास से सहायता राशि मिलने पर बीमारी से पीड़ित मरीज का अस्पताल में इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर मरीज और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

वरिष्ठ नागरिक महामंच का नागरिक मिलन समारोह

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। वरिष्ठ नागरिक महामंच ने कल 27 जून 2025 को वरिष्ठ नागरिक मिलन समारोह पूजा लॉज मे मनाया जिसमे गीत, संगीत, पुष्प माला, पुष्प गुच्छों से स्वागत सत्कार एवं नृत्य, हास्यकला पुष्प वर्षा आदि से भरपूर आनंद लिया।

कार्यक्रम में संस्थापक जयशंकर शुक्ला, अध्यक्ष टी.एन. मिश्रा, टी.एम.आर. नायडू, पी.आर. डेहरिया की विशेष उपस्थिती मे संपन्न हुआ जिसमें उपस्थित आई.के. शुक्ला, रमेश उसरेठे, नामदेव सरोदे, दुर्गा विश्वकर्मा, नेमीचंद व्योम, अशोक मिश्रा, अनिल जयसवाल, घनश्याम डेहरिया, एन.आर. राऊत, ओ.पी. सनोडिया, के.के. कुमरे, आशु गढेवाल, लिलाधर निखार, जे.पी. सूर्यवंशी, मधुकर गोडे, हरिश करमचंदानी, श्रीमति लच्छो झारिया, मीडिया प्रभारी सुरेश घोरसे, प्रभाकर ठाकरे, डी.के. नगरकर, नंदा ठाकरे, जी.डी. लिगायत, हरिभाऊ मोहितकर, डी.पी. डेहरिया, जगदीश झाझोट, बी.एल. बेलवंशी, जी.पी. अग्रवाल अन्य सदस्य उपस्थित थे।

भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा में रक्तदान शिविर आयोजित

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। रक्तदान महादान को चरितार्थ करते हुए शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक मुख्य ब्रांच छिंदवाड़ा में मुख्य शाखा का 70वा स्थापना दिवस पर मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर में जिला रेडक्रास सोसायटी एवम ब्लड बैंक का सक्रिय सहयोग रहा। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक संजय श्रीवास्तव, मुख्य प्रबंधक छिंदवाड़ा शाखा श्रीमती प्रीति चौरसिया, मानव संसाधन प्रबंधक पवन कुमार साह सहित रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन जे.पी. सिंह, सचिव डॉक्टर एस. ए. ब्राउन, कोषाध्यक्ष विनीत त्रिवेदी, कार्यकारणी मेंबर्स एवम इनकमिंग रोटरी क्लब प्रेसिडेंट विनोद तिवारी सहित ब्लड बैंक के अविकांत बेले सहित ब्लड बैंक का स्टाप उपस्थित था।

शिकायत के बाद घटिया व अधूरे निर्माण कार्य की जांच करने पहुंचे पीएचई के अधिकारी

गुढ़ी अम्बाड़ा देशबन्धु। ग्राम पंचायत पालाचौरई क्षेत्र में जल आवर्धन योजना के अंतर्गत ठेकेदार के द्वारा पंचायत क्षेत्र में पाइपलाइन विस्तार के लिए नाली के ऊपर निम्न दर्जे का कांक्रीट निर्माण कार्य किया गया एवं गुणवत्ताहीन चैंबर बनाए गए जो कि कुछ ही दिनों में टूट कर बिखर गए जिसमे फिर से लीपापोती की गई एवं नल स्टैंड भी घटिया दर्जे के बनाए गए और कुछ वार्डों में तो पाइपलाइन का विस्तार ही नहीं किया गया जिसे लेकर ग्रामीणों के द्वारा पीएचई विभाग से शिकायत की गई।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत पालाचौरई क्षेत्र में जल आवर्धन योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपए में ओवरहेड पानी की टंकी व चैंबर निर्माण कार्य एवं पाइप लाइन विस्तार कार्य किया गया है। एवं ठेकेदार के द्वारा पंचायत क्षेत्र में किए जा रहे अधूरे निर्माण कार्य व घटिया निर्माण को लेकर ग्राम के जिम्मेदार नागरिकों के द्वारा शिकायत की गई थी। उ

से गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए पीएचई विभाग के अधिकारी शुक्रवार को ग्राम पंचायत पालाचौरई पहुंचे एवं निर्माण कार्य व पाइपलाइन विस्तार कार्य को देखकर नाराजगी जताई एवं चेंबर सहित पाइपलाइन विस्तार के दौरान नाली के ऊपर कांक्रीट का घटिया निर्माण कार्य को तोड़कर पुन: निर्माण करवाने की बात कही। इस दौरान पीएचई विभाग के एसडीओ संजय वानखेड़े, जुन्नारदेव मंडल भाजपा मीडिया प्रभारी भूपेंद्र बंटी साहू, ग्यास अहमद सिद्दीकी, भाजपा नेता गोपाल विश्वकर्मा, पंच पारस खंगार के अलावा पी.एच.ई. विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

धीरज सूर्यवंशी बने कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग जिलाध्यक्ष

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग में जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को अपनी टीम के साथ कांग्रेस की जनहितेषी कार्यों व वर्तमान भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धीरज सूर्यवंशी को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ एवं जिला कांग्रेस परिवार की ओर से शुभकामनाएं दी।

अनुज सोनी हिंदू सेवा दल के छिंदवाड़ा शहर अध्यक्ष नियुक्त

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। अखिल भारतीय हिंदू सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय भारद्वाज की सहमति से मध्यप्रदेश अध्यक्ष श्रीराम यादव की अनुशंसा पर हिंदू सेवा दल के जिला अध्यक्ष राहुल मनमानी ने छिंदवाड़ा शहर अध्यक्ष पद पर अनुज सोनी को नियुक्ति पत्र देकर जवाबदारी सौंपी। छिंदवाड़ा के युवा जुझारू कार्यकर्ता अनुज सोनी ने कहा कि अखिल भारतीय हिंदू सेवा दल का शीघ्र छिंदवाड़ा शहर के संपूर्ण 54 वार्डों में इसका विस्तार किया जाएगा

मंडल रेल प्रबंधक ने इतवारी-छिन्दवाड़ा का किया निरीक्षण

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। ट्रेनों के सुरक्षित व संरक्षित परिचालन सुनिश्चिता तथा विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं का जायजा लेने की कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता द्वारा शुक्रवार को इतवारी-छिंदवाडा-सिवनी सेक्शन का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने छिंदवाडा एवं सिवनी में अमृत भारत योजना से सम्बंधित यात्री सुविधाओं का जायजा लिया एवं इस खंड पर सुरक्षा, संरक्षा एवं अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण सुबह 07.30 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन से विशेष निरीक्षण यान (स्पीक) के माध्यम से प्रारंभ हुआ।

मंडल रेल प्रबंधक द्वारा विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान इतवारी-छिंदवाडा.सिवनी रेलखंड पर खापरीखेडा, सौंसर, सावनेर, लिंगा आदि स्टेशनों का निरिक्षण, ट्रैक व संरचनाओं की स्थिति का अवलोकन एवं छिंदवाड़ा एवं सिवनी स्टेशनों का विस्तृत निरीक्षण किया। साथ ही छिंदवाड़ा में रेलवे हास्पिटल, लाबी, रनिंग रूम का गहन निरीक्षण कर रनिंग स्टाफहेतु उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक सहित अधिकारियों द्वारा स्वच्छ और हरित वातावरण हेतु स्टेशनों के परिसर में व्यापक रूप से वृक्षारोपण किया गया। इस निरीक्षण में संबंधित शाखाओं के वरिष्ठ अधिकारीगण मंडल रेल प्रबंधक के साथ उपस्थित रहे।

निरीक्षण का उद्देश्य परिचालन, सुरक्षा, संरक्षा एवं स्टाफ कल्याण से जुड़ी सुविधाओं की समीक्षा कर उनमें आवश्यक सुधार सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे यात्रियों एवं रनिंग स्टाफ/रेलकर्मियों को और अधिक बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। साथ ही मानसून के दौरान संवेदनशील स्थलों की पहचान कर संभावित असुविधाओं को दूर किया जा सके।

निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार ने बिना अनुमति काट दिए बड़े-बड़े पेड़

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। पर्यावरण और वन संरक्षण की मुहिम से विपरीत निर्माण कार्य के लिए प्रशासन को ताक पर रखकर बिना पुराने बड़े पेड़ काटे जाने को लेकर ठेकेदार की मनमानी सामने आ गई है। तामिया से छिंदवाडा मुख्यमार्ग में वन विभाग कार्यालय के सामने पुराने माध्यमिक शाला भवन को ढहा कर नया नवीन बालक छात्रावास भवन का निर्माण हो रहा है।

इस निर्माण के लिए ठेकेदार ने बिना अनुमति बड़े-बड़े पेड़ ढहा दिए हैं। सूत्रों की मानें तो ठेकेदार ने कलेक्टर से अनुमति की अफ्वाह फैलाकर ये कारनामा किया है। निर्माण स्थल में निर्माण एजेंसी का कोई सूचना बोर्ड नहीं है। तीन दिन पहले भवन के आसपास के पुराने बड़े नीलगिरी के पेड़ काट कर गिराए गए हैं। पहले भी ठेकेदार ने जेसीबी से पांच से ज्यादा पेड़ उखाड़ कर नदी के पास सरका दिए थे।

स्थानीय पंचायत, वन विभाग और राजस्व के पास अनुमति की कोई सूचना नहीं है। इस निर्माण कार्य में यूनिक इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी पुरतला की जानकारी सामने आई है, निर्माण कार्य का बोर्ड नहीं है। एक दिन पहले तहसीलदार श्री बारले भी मौके का मुआयना करने जा चुके है। इस संबंध में रेंजर हिमांशु विश्वकर्मा ने बताया कि पेड़ काटने की अनुमति को लेकर ठेकेदार या फर्म का फोन आया था, प्रक्रिया की पूरी जानकारी ली थी, लेकिन अनुमति नहीं ली। एक अप्रैल से नियम बदल गए हैं। पंचायत, राजस्व से अनुमति के लिए निर्धारित प्रक्रिया है।

तामिया में नवीन बालक छात्रावास सहित अन्य निर्माण कार्यों में अधिकारियों के खुले संरक्षण और कंसल्टेंसी के सहयोग से मनमाने रात तरीके से निर्माण कार्य में हरे भरे पेड़ो को काटने के साथ अवैध रेत का इस्तेमाल हो रहा है। निर्माण कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार की कोई जांच नहीं हुई, वहीं निर्माण के लिए पुराने पेड़ों की बलि चढ़ा दी गई है।

तामिया में 9 से अधिक पेड़ों को बिना अनुमति काटे जाने का मामला सामने आने के बाद अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। पुराने बालक माध्यमिक स्कूल परिसर में नया बड़ा भवन निर्माण होना है। इसमें भी निर्माण कार्य की जानकारी देने वाला बोर्ड नहीं लगाया गया है। जिससे निर्माण कार्य की लागत एवं उसकी समय सीमा निर्माण एजेंसी विभाग की जानकारी नहीं मिल पा रही है।

यहां पर रेत का अवैध भंडारण भी ठेकेदार द्वारा अपने निर्माण के स्थल पर किया जा रहा है, लेकिन ना तो राजस्व खनिज विभाग अब इन पर कोई कार्रवाई करने को तैयार है, लेकिन उससे भी गंभीर मामला देखने मिल रहा है कि निर्माण स्थल पर लेआउट तो दे दिया गया है, लेकिन इस लेआउट के बीच में हरे भरे सात नीलगिरी के पेड़ स्थापित थे अनुमति लेने की बजाय ठेकेदार इन्हें मशीन से उखाड़ कर फेंक दिया। हरे वृक्ष नियमानुसार विभाग को कटवाना था। इसके अलावा पर्यावरण के साथ-साथ वृक्षारोपण नियम का भी खुला उल्लंघन कर रहे हैं, जबकि इन्हें ठेका मिला है तो निश्चित ही इन पेड़ों को विधिवत काटने की अनुमति भी संबंधित विभाग माध्यम से मिलेगी ।

एक अप्रैल से बदल गए नियम

पंचायत राज संचालनालय, मध्यप्रदेश के संचालक सह-आयुक्त पंचायत राज संचालनालय द्वारा 25 मार्च 2025 को समस्त म.प्र. के कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला एवं जनपद पंचायत को ग्रामीणों की निजी भूमि पर वृक्ष कटाई की अनुमति आनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से संपादित करने बाबत् पत्र भेजा है। निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई की अनुज्ञा संबंधी प्रक्रिया पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम से आनलाईन संपादित की जाएगी। 1 अप्रैल से किसी भी प्रकार से सरपंच द्वारा जारी किया गया आफ्लाईन अनुज्ञा पत्र मान्य नहीं होगा।

इनका कहना है

पेड़ काटने की अनुमति को लेकर ठेकेदार या फर्म का फोन आया था, प्रक्रिया की पूरी जानकारी ली थी, लेकिन अनुमति नहीं ली। 1 अप्रैल से नियम बदल गए हैं । पंचायत राजस्व के लिए निर्धारित प्रक्रिया है।

हिमांशु विश्वकर्मा,
रेंजर

सार-समाचार

किसानों को मुआवजा देकर नहर मरम्मत की जाये : किसान कांग्रेस

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सांवरी क्षेत्र में जल संसाधन विभाग के उमरानाला जलाशय की पालाखेड़ नहर के टूटने से क्षेत्र में अनेकों किसानों की फसल बहने और अन्य परिसंपत्तियों को भी क्षति पहुंची है। जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चैधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि किसानों की मक्का एधान और उद्यानिकी फसलों सहित मलचिंग और ड्रिप को नहर टूटने से नुकसानी की जानकारी प्राप्त हुई है, उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग द्वारा नहर की मरम्मत और सफाई नहीं किये जाने एवं नहर के टूटने से पानी के खेतों में बहने से किसानों को नुकसान झेलना पड़ा। प्रभावित किसानों की फसलों का नुकसानी का सर्वे करवाकर उन्हें मुआवजा देकर एनहर की तुंरत मरम्मत करवाने एवं लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के लिये जिला किसान कांग्रेस की ओर से जिला कलेक्टर, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को ज्ञापन प्रेषित किया है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छिन्दवाड़ा द्वारा की जा रही जल स्त्रोतों की जियोटेगिंग

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। 30 मार्च से 30 जून 2025 तक आयोजित हो रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जिला छिन्दवाड़ा द्वारा कार्य पालन यंत्री सुधांशु जैन के निर्देशन में नल-जल योजनाओं के स्त्रोतों की जियोटेगिंग, नल-जल योजनाओं के अंतर्गत पाईप लाईन लीकेज, टपकते नल सुधारना, टूटे नल बदलना, पानी के अपव्यय की समस्याओं के लिये आवश्यक कदम, जल स्त्रोंतो की साफ सफाई आदि कार्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा हैं। अभियान के अंतर्गत अब तक 1411 जल स्त्रोतों की जियोटेगिंग, 257 रिचार्ज शॉप्ट प्रस्ताव, 297 पाईप लाइन लिकेज, 562 नलों के लीकेज, 500 टूटे नल बदले एवं प्रचार-प्रसार की 176 गतिविधियाँ आदि कार्य किये गये।

ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द के पंजीयन की अंतिम तिथि 05 जुलाई

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत वर्ष 2025 विपणन वर्ष 2025-26 में ई-उपार्जन पोर्टल पर 19 जून 2025 से 05 जुलाई 2025 तक ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द का पंजीयन किया जा रहा हैं। ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द का पंजीयन 05 जुलाई 2025 तक निर्धारित किये गये पंजीयन केन्द्रों पर किया जा रहा हैं। इसके अंतर्गत आज दिनांक तक 1564 किसानों द्वारा 4038 हेक्टेयर रक़बे का पंजीयन कराया गया है।

आपातकाल लगाना संविधान की हत्या थी, युवाओं से हुई चर्चा में बताया मुख्यमंत्री ने

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आपातकाल लागू करना तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा संविधान की हत्या थी। आपातकाल लागू करने के संबंध में न केंद्रीय कैबिनेट ने स्वीकृति दी थी न ही राज्यों की ओर से ऐसा कोई प्रस्ताव दिया गया था। जिम्मेदार लोगों ने ही संविधान का पालन नहीं किया। अभिव्यक्ति और प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं से आपातकाल लागू किए जाने के प्रसंग पर प्रश्न पूछे और उन्हें मौजूदा दौर की विशेषताओं पर विचार व्यक्त करने का अवसर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे इंटर स्टेट बस टर्मिनल स्थित नगर निगम भोपाल के सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में युवाओं से संवाद करते हुए उक्त बात कही।

युवा संसद को वरिष्ठ सांसद वी.डी. शर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को इमरजेंसी का प्रसंग बताया जाना आवश्यक है। अनेक युवाओं ने आपातकाल की बुराइयों पर विचार व्यक्त किए और आपातकाल लागू करने को लोकतंत्र विरोधी कदम बताया।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने संविधान हत्या दिवस 25 जून 2025 से निरंतर एक वर्ष तक विभिन्न गतिविधियों के संचालन के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में मध्यप्रदेश में लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान के साथ ही विभिन्न स्पर्धाओं और वैचारिक गोष्ठियों के कार्यक्रम, विभिन्न संस्थाओं द्वारा लगातार किए जा रहे हैं।

रीजनल इंडस्ट्री स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉनक्लेव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। रीजनल इंडस्ट्री स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉनक्लेव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को रतलाम जिले में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तारतम्य में जिले में भी शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में रीजनल इंडस्ट्री स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट कॉनक्लेव के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन एफ.डी.डी.आई. छिंदवाड़ा में आयोजित किया गया।

जिसमें जिले के उद्योगपतियों और सफल उद्यमियों ने सहभागिता करते हुए अपने अनुभव और सफलता की कहानियां मंच से साझा कर युवाओं को प्रेरित कियाए तो वहीं युवाओं ने भी बड़ी संख्या में सहभागिता कर मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना सहित विभिन्न स्व.रोजगार योजनाओं की जानकारी का लाभ उठाया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित स्व-रोजगार योजनाओं के तहत युवाओं और स्व-सहायता समूहों को 35 करोड़ 33 लाख रुपए की ऋण राशि वितरित की गई।

जिला रोजगार कार्यालय द्वारा कंपनियों के ऑफर लेटर 12 युवक, युवतियों को और आई.टी.आई. छिंदवाड़ा द्वारा सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत 5 युवाओं को सर्टिफिकेट एवं 5 युवाओं को कंपनियों के ऑफर लेटर प्रदाय किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनीए स्व.सहायता समूहों के स्टॉल भी लगाए गए थे। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नगरपालिक निगम महापौर विक्रम अहके व शेषराव यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने मां सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिसके बाद कन्याओं का पूजन कर उन्हें उपहार भेंट करते हुए कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। कार्यक्रम में प्रभारी अपर कलेक्टर अंकिता त्रिपाठी, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा आरएस उईके, जिला रोजगार अधिकारी माधुरी भलावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अधीक्षण अभियंता ने कुंडा वितरण केन्द्र और उपकेन्द्र का किया औचक निरीक्षण

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड छिंदवाड़ा के अधीक्षण अभियन्ता खुशियाल शिववंशी एवं कार्यपालन अभियंता चौरई द्वारा कल 27 जून को जिले के विकासखंड चौरई के कुंडा वितरण केंद्र एवं 33/11 के.वी. उपकेंद्र कुंडा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्युत व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई।

निरीक्षण में अधीक्षण अभियंता श्री शिववंशी ने विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और सतत् विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने उपकेंद्र में सफाई की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

साथ ही उपकेंद्र पर ट्रिपिंग कम करनेए कर्मचारियों की 8-8 घंटे की ड्यूटी सुनिश्चित करने तथा सभी लॉगबुकए ट्रिपिंग रजिस्टर एवं परमिट बुक को निर्धारित प्रारूप में संधारित करने के निर्देश भी दिए। अधीक्षण अभियंता श्री शिववंशी द्वारा प्रतिदिन कम से कम 20 उपभोक्ताओं से कॉलिंग कर फीडबैक लेने के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा उपकरणों की जांच की गई और वितरण केंद्र के सभी रिकॉर्डों का भी अवलोकन किया गया।

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु : शुक्रवार को कुंडा क्षेत्र के उपकेन्द्र का निरीक्षण करते हुए अधीक्षण अभियंता

शिकायतों के निपटारे में तेजी लाने के निर्देश. 1912 और सी.एम. हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधीक्षण अभियंता श्री शिववंशी ने पाया कि 1912 के कई शिकायतों के निराकरण में 4 घंटे से अधिक का समय लग रहा है, जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि भविष्य में सभी विद्युत आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का निराकरण 4 घंटे के भीतर किया जाए।

राजस्व वसूली एवं लाइन मेंटेनेंस पर विशेष जोर

निरीक्षण के दौरान राजस्व संग्रहण, नए कनेक्शन, और विजिलेंस चेकिंग की प्रगति कम पाए जाने पर अधिकारियों को फटकार लगाई गई। साथ ही केवायसी खातों की संख्या बेहद कम होने पर नाराजगी जताई गई। सभी कर्मचारियों से व्यक्तिगत रूप से फोन पर बात कर वसूली की जानकारी ली गई एवं फॉल्ट सुधार और लाइन पेट्रोलिंग के निर्देश दिए गए।

कृषि बिल वसूली पर विशेष निर्देश

अधीक्षण अभियंता श्री शिववंशी ने निर्देश दिए कि आगामी निरीक्षण तक कृषि बिल बकायादारों की संख्या शून्य की जाए एवं गैर कृषि बिल का एरियर भी कम करने के लिए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

यह निरीक्षण क्षेत्रीय विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

सांसद ने दूसरे दिन सांवरी बाजार से शुरू की पदयात्रा

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। सांसद बंटी विवेक साहू ने पदयात्रा में बड़ी संख्या में चल रहें पदयात्रियों के साथ सांवरी बाजार से अपनी दूसरे दिन की पदयात्रा की शुरूआत की। पदयात्रा के दौरान मां नर्मदा के जलकलश को पदयात्रा के साथ चल रहे रथ में रखा गया है जिसकी विधि विधान से पुजा अर्चना करके जिलेवासियों के लिए सुख समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना करेंगे।

छिन्दवाड़ा से खंडवा तक की 411 कि.मी. की 14 दिवसीय पदयात्रा के दूसरे दिन सांवरी बाजार से पदयात्रा प्रारंभ होकर टेमनी, जूनापानी,

जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है। पदयात्रा के दौरान सांसद श्री साहू मार्ग में पड़ने वाले गांवों और कस्बों में वरिष्ठजनों एवं माताओं से आर्शीवाद भी प्राप्त कर रहे है। सांसद श्री साहू जिलेवासियों के लिए सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर यह पदयात्रा कर रहे है। सांसद श्री साहू गुरूपुर्णिमा के अवसर पर खण्डवा में बंजारीमाई, प्रधानघोघरी, लावाघोघरी, चूड़ाबोह, मैनीखापा जोड़, लोनादेवी, कोड़िया, सिलाई ढाना होते हुए पाठई पहुंची, पाठई में सांसद श्री साहू ने पदयात्रियों के साथ रात्रि विश्राम किया। विदित हो कि सांसद श्री साहू ने छिन्दवाड़ा से खंडवा तक 14 दिवसीय पदयात्रा की शुरूआत 26 जून गुरूवार को की थी।

सांसद श्री साहू अपने चौथे संकल्प को पूरा करने के लिए 14 दिन की पदयात्रा कर रहे है। इस 14 दिवसीय पदयात्रा के दौरान सांसद श्री साहू बारिश के मौसम में पचासों गांव एवं घने जंगलों से होते हुए अपने दृढ़ संकल्प के साथ इस पदयात्रा में चल रहे है। सांसद ने इसके पूर्व उनके पहले संकल्प में छिन्दवाड़ा से जामसांवली तक 61 कि.मी., दूसरे संकल्प में भूराभगत से महादेव मंदिर तक 17 कि.मी. की चढ़ाई एवं 17 कि.मी. की वापसी कुल 34 कि.मी. एवं तीसरे संकल्प में छिन्दवाड़ा से सिहोरामाल में स्थित रामेश्वर धाम 22 किमी तक पदयात्रा की थी। इसमें भी सांसद श्री साहू ने जिलेवासियों के लिए सुख समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की थी।

आज तीसरे दिन की पदयात्रा के लिए तय मार्ग के अनुसार पदयात्रा पाठई से प्रारम्भ होकर सोनपठार, ढोलनखापा, पठारा, पिटेर रैयत, पौनार, बंधान, नानंदवाडी होते हुये अम्बाडा पहुंचेगी। अम्बाडा में सांसद श्री साहू पदयात्रियों के साथ रात्रि विश्राम करेंगे। टेमनीखुर्द मे एडवोकेट संतोष पवार, श्रीमती बबिता पवार, श्रीमती सुषमा पवार, आदि ने पदयात्रा का स्वागत कर रथ में स्थापित जलकलश की पूजा की। टेमनी खुर्द में सांसद श्री साहू ने पौधरोपण भी किया।

बिछुआ में मानसिक स्वास्थ्य पर आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान द्वारा संचालित सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछुआ में आज गुरुवार को मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अक्षय सदारंग, नेत्र चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश उमरेठ, संस्था निदेशक विजय धवले, बीसीएम अर्जुन सिंह ठाकुर, संस्था समन्वयक आशीष पाल, संस्था कार्यकर्ता सर्वश्री श्रावण हटवार, कमलेश चौरिया, विरेन्द्र पवार, दुर्गेश सोनी उपस्थित थे। कार्यशाला में विकासखंड के 50 से अधिक आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

कार्यशाला में संस्था निदेशक विजय धवले ने बताया कि मानसिक समस्याएं भी सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की तरह हैं, जिन्हें समय पर सहायता और संवाद से सुधारा जा सकता है। हमें मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बात करने की जरूरत हैं। संस्था समन्वयक श्री पाल ने कार्यशाला का उद्देश्य बताते हुए कहा कि समुदाय स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों का चिन्हांकन, सही समय पर हस्तक्षेप करना और मानसिक समस्याओं को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना हैं। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के लक्षणों की पहचान बताते हुए तनाव, अवसाद और चिंता से संबंधित जानकारी दी।